

नवभारत
इंदौर, मंगलवार, 10 मार्च, 2026


### एक नजर में

## मंत्री प्रहलाद पटेल आज करेंगे ओंकारजी का अभिषेक

**खण्डवा।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग के मंत्री प्रहलाद पटेल 9 मार्च को ओंकारेश्वर आकर ज्योतिर्लिंग मंदिर में दर्शन करेंगे। अगले दिन 10 मार्च को ओंकारेश्वर में आयोजित जलाभिषेक कार्यक्रम में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री पटेल 9 मार्च को रात्रि 8 बजे कार द्वारा ओंकारेश्वर पहुंचेंगे तथा ज्योतिर्लिंग मंदिर में दर्शन कर रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 10 मार्च को सुबह 9 बजे नर्मदा परिक्रमा पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में दादा गुरु के साथ आयोजित जलाभिषेक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## पेयजल शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम बनाया

**खंडवा।** ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीण क्षेत्रों में संभावित पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिला, उपखण्ड और विकासखण्ड स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। कार्यपालन यंत्री वर्षा शिवपुरे ने बताया कि जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07××-222×292 है तथा प्रभारी उपयंत्री रवि दरबार (मो. 7770979×79) को बनाया गया है।

नियंत्रण कक्ष में सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक दो शिफ्टों में कर्मचारी तैनात रहेंगे और प्राप्त शिकायतों को दर्ज कर संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। जिला स्तर पर पहली शिफ्ट में सुधीर नागनपुरे और दूसरी शिफ्ट में प्रकाश सांवले ड्यूटी देंगे।

उपखण्ड स्तर पर खंडवा, पंधाना और हरसूद में सहायक यंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं विकासखण्ड स्तर पर खंडवा, पुनासा, हरसूद, बलड़ी, खालवा, पंधाना और छैगांवमाखन में उपयंत्रियों को पेयजल समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए तैनात किया गया है।

## जेल में बंदियों के स्वास्थ्य जांच कर दिया परामर्श



**खण्डवा।** जिला जेल खंडवा में सोमवार को चिकित्सा शिविर लगाकर बंदियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ओपी जुगतावत ने बताया कि शिविर में कैदियों का हेंड हेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से टीबी स्क्रीनिंग की गई तथा टीबी नॉट टेस्ट के लिए सैंपल भी लिए गए। कैदियों की टीबी, एचआईवी, सिफिलिस, हैपेटाइटिस-बी एवं हैपेटाइटिस-सी सम्बंधी जाँच कर परामर्श सेवाएं दी गईं। इस दौरान डिप्टी जेलर हेमंत नागर और डॉ रुपेश चौधरी सहित जेल एवं स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## रामेश्वर और मदुराई के लिए आज रवाना होंगे वृद्धजन

**खण्डवा।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत जिले के वरिष्ठ नागरिक रामेश्वर और मदुराई की तीर्थ यात्रा करेंगे। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि रामेश्वर और मदुराई' तीर्थ स्थान के लिये विशेष रेल 10 मार्च को सुबह 9 बजे रवाना होगी तथा 16 मार्च को वापस आएगी। इस तीर्थ यात्रा के लिए चयनित यात्रियों को रेल्वे स्टेशन के सामने स्थित पार्वतीबाई धर्मशाला में 10 मार्च को सुबह 6 बजे से टिकिट वितरण किये जायेंगे। सभी चयनित यात्री एवं प्रतीक्षा सूची में शामिल वृद्धजनों से अपील की गई है कि वे अपना आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र की मूल प्रति के साथ धर्मशाला में निर्धारित समय पर उपस्थित हो जाएं।

## 15 मार्च से नहर में पानी छोड़ने की मांग, किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**खंडवा।** किल्लौद क्षेत्र के किसानों की सिंचाई समस्या को लेकर किसान कांग्रेस नेता गजेन्द्र सिंह सोलंकी ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर 15 मार्च से नहर में पानी छोड़े जाने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि क्षेत्र में गेहूं की कटाई अंतिम चरण में है और किसान ग्रीष्मकालीन मूंग की बोनी में जुट गए हैं। अगले करीब 15 दिनों में बोनी का कार्य पूरा हो जाएगा, ऐसे में फसल की सिंचाई के लिए समय पर पानी उपलब्ध होना जरूरी है। किसानों ने मांग की है कि किल्लौद उद्वहन सिंचाई योजना के तहत 15 मार्च से नहरों में पानी छोड़ा जाए, ताकि फसल को नुकसान से बचाया जा सके।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि पिछले वर्ष नहर संचालन में देरी के कारण किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा था। किसान नेता सोलंकी ने चेतावनी दी कि यदि समय पर पानी नहीं छोड़ा गया तो क्षेत्र के किसान आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## अप्रैल में होगा जैन समाज का भव्य पंचकल्याणक महोत्सव

**खंडवा।** दादाजी की नगरी खंडवा में बजरंग चौक स्थित श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर में 11 से 17 अप्रैल तक जैन समाज का सर्वोच्च धार्मिक आयोजन पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव आयोजित होगा। पंचकल्याणक महोत्सव भगवान महावीर के जीवन की पांच कल्याणकारी घटनाओं—गर्भ, जन्म, तप, ज्ञान और मोक्ष को नाट्य और पूजन के माध्यम से जीवंत करता है।

समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि यह महोत्सव सामूहिक एकता, पुण्य अर्जन और धार्मिक जागृति का प्रतीक है। पंचकल्याणक प्रक्रिया में संगमरमर, पाषाण या धातु की प्रतिमा को भगवान के रूप में प्रतिष्ठित किया जाता है।

# एक ने मां तो दूसरे ने पिता को मार डाला

▸▸ दो अलग-अलग घटनाओं में कलयुगी बेटों ने की माता-पिता की हत्या।
▸▸ पुलिस ने 24 घंटे में की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिले में रिश्तों को कलंकित करने वाली दो वारदातें सामने आई हैं। जिले के हरसूद और पिपलोद थाना क्षेत्रों में अलग अलग दो घटनाओं में बेटों ने अपने ही माता-पिता के खून से हाथ रंग लिए। कहीं शराब की लत विवाद का कारण बनी, तो कहीं चंद रुपयों के लालच ने पिता की जान ले ली। इन दोनों ही सनसनीखेज मामलों में खंडवा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को महज 24 घंटे के भीतर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

**पहली वारदात: हरसूद में मां को ईंट से उतारा मौत के घाट :** हरसूद थाना अंतर्गत ग्राम चैनपुर सरकार में ममता को शर्मसार करने वाली घटना घटी। यहां 20 वर्षीय राहुल बंजारा ने अपनी ही मां अनिता उर्फ सुलीबाई के सिर पर ईंट मारकर उनकी हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि राहुल अपनी मां की शराब पीने की लत और दिव्यांग पिता की अनदेखी से नाराज था। वारदात के बाद आरोपी ने खुद पुलिस को फोन कर अपना जुर्म कबूला। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देशन में हरसूद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए हत्यारे बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।



मां की हत्या का आरोपी राहुल



पिता की हत्या का आरोपी बच्चूलाल

**दूसरी वारदात: पिपलोद में पैसों के लिए पिता की पीट-पीटकर हत्या :** रिश्तों के कत्ल की दूसरी वारदात पिपलोद थाना क्षेत्र के ग्राम गौंडवाडी में सामने आई। यहाँ कलयुगी बेटे बच्चूलाल ने अपने 60 वर्षीय पिता केडे उर्फ साबूलाल की चंद रुपयों के लेनदेन के विवाद में बेरहमी से पिटाई कर दी। गंभीर चोटों के कारण वृद्ध पिता ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने जब मृतक की पत्नी गौराबाई के कथन लिए और शॉर्ट पीएम रिपोर्ट देखी, तो हत्या का खुलासा हुआ। डीएसपी मुख्यालय अनिल सिंह चौहान के मार्गदर्शन में पिपलोद पुलिस ने जाल बिछाकर आरोपी पुत्र ब'चूलाल को 24 घंटे के अंदर धर दबोचा और उसे जेल भेज दिया गया है। इन दोनों ही जघन्य हत्याकांडों में खंडवा पुलिस का 'इन्वेस्टिगेशन मॉडल' बेहद प्रभावी रहा। हरसूद में थाना प्रभारी राजकुमार राठौर और आशापुर चौकी प्रभारी संतोष सांवले की टीम ने सक्रियता दिखाई, वहीं पिपलोद में निरीक्षक सुरेन्द्रनाथ पाण्डेय और उनकी टीम ने महज एक दिन में आरोपी को सलाखों के पीछे पहुंचाया। जिले में हुई इन वारदातों ने सामाजिक रिश्तों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## सहकारिता विभाग के घोटाले में आरोपियों पर होगी एफआईआर

### समीक्षा बैठक में दिए कई महत्वपूर्ण निर्णय

नवभारत न्यूज



**खंडवा।** जिले की सहकारी समितियों में सामने आए गबन और घोटालों के मामलों को लेकर कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने फिर एक बार अधिकारियों को चेताया है। सोमवार को आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मामलों की शीघ्र जांच कर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाए। उन्होंने घोटालों की जांच में हो रही अनावश्यक देरी पर नाराजगी जताते हुए कहा कि किसानों की राशि से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में कलेक्टर ने राजस्व एवं कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन गांवों में नरवाई जलाने की अधिक शिकायतें मिलती रही हैं, वहां संयुक्त भ्रमण कर किसानों को नरवाई न जलाने के लिए प्रेरित किया जाए। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने पर अर्थदंड सहित कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्याओं के समाधान के लिए जिला एवं विकासखंड स्तर पर नियंत्रण कक्ष सक्रिय रखने और हैंडपंप खराब होने या मोटर जलने की शिकायत मिलने पर 24 घंटे के भीतर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने नगर निगम को झीलोद्यान, दूध तलाई और शक्कर तालाब के आसपास के अतिक्रमण हटाकर वर्षा जल के मार्ग साफ करने के निर्देश दिए, ताकि शहर का भूजल स्तर बढ़ सके। इसके अलावा मंडी सचिव को किसानों को फार्म गेट एप के उपयोग के बारे में जागरूक करने तथा 'संकल्प से समाधान अभियान' के शिविरों में अस्वीकृत आवेदनों की पुनः समीक्षा कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश भी दिए।

## कोरगला रोड पर कबाड़ गोदाम में भीषण आग

### लाखों का भंगार जलकर खाक, उठा धुएं का गुबार

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** शहर के कोरगला रोड पर सोमवार दोपहर एक कबाड़ गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। इस हादसे में गोदाम के भीतर रखे भारी मात्रा में पुराने फ्रिज, वाशिंग मशीन और कूलर जलकर पूरी तरह खाक हो गए। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दूर-दूर तक धुएं का गुबार देखा गया।

पुलिस से प्राप्त शुरुआती जानकारी में जहां शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही थी, वहीं अभी तक आग लगने के सटीक कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रशासन और संबंधित विभाग मामले की जांच कर रहे हैं कि आखिर इतनी भीषण आग कैसे भड़की। गोदाम मालिक और आसपास के लोगों से भी इस संबंध में पूछताछ की जा रही है।



**मशक्कत के बाद पाया काबू :** घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों और फायर ब्रिगेड की टीम ने तुरंत मोर्चा संभाला और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि आग को समय रहते रोक लिया गया, जिससे पास ही स्थित पाइप फैक्ट्री और अन्य दुकानें इसकी चपेट में आने से बच गईं।

**बड़ा आर्थिक नुकसान :** हालांकि इस अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन गोदाम में रखा लाखों रुपये का कबाड़ और इलेक्ट्रॉनिक सामान पूरी तरह जल चुका है। पुलिस अब इस मामले में पंचनामा बनाकर नुकसान का सही आकलन और आग लगने की वजहों की तलाश कर रही है। मामले में सभी पक्षों पर जांच जारी है।

## महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का अनोखा हल्लाबोल

नवभारत न्यूज



**खंडवा।** घरेलू गैस सिलेंडर की आसमान छूती कीमतों और लगातार बढ़ती महंगाई के विरोध में सोमवार को शहर कांग्रेस कमेटी ने सड़कों पर उतरकर केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला। शहर के केवलराम पेट्रोल पंप चौराहे पर शाम 5 बजे एकत्रित हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध का एक अनोखा तरीका अपनाया। यहाँ कार्यकर्ताओं ने न केवल गैस सिलेंडर का पूजन किया, बल्कि प्रतीकात्मक रूप से मिट्टी के चूल्हे पर चाय बनाकर केंद्र सरकार की नीतियों पर कड़ा प्रहार किया। इस दौरान राहगीरों को चाय पिलाकर महंगाई के प्रति जागरूक भी किया गया।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) प्रतिभा रघुवंशी ने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कमजोर विदेश नीति का खामियाजा आज देश की आम जनता भुगत रही है। रसोई गैस के दामों में बेतहाशा वृद्धि ने मध्यम और गरीब वर्गीय परिवारों की कमर तोड़ दी है। गृहिणियों के लिए रसोई का बजट संभालना अब नामुमकिन होता जा रहा है।

वहीं महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष हेमलता पालीवाल ने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई कम करने के बजाय उसे बढ़ाकर यह साबित कर रही है कि उसे गरीबों की नहीं, बल्कि गरीबों को ही मिटाने की चिंता है।

जिला कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की नीतियां केवल चुनिंदा उद्योगपतियों को लाभ पहुँचाने के लिए बनी हैं।

उन्होंने सवाल उठाया कि जिन देशों को भारत ईंधन की सप्लाई करता है, वहाँ कीमतें कम हैं, लेकिन अपने ही देश की जनता को महंगे दामों पर पेट्रोल-डीजल और गैस खरीदने पर मजबूर किया जा रहा है।

**प्रदर्शन में ये रहे मौजूद :** इस विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) प्रतिभा रघुवंशी, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष हेमलता पालीवाल, कामिनी मंडलोई, रूपा कास्डे, आशी सिलावट, ओंकार पटेल, चैनसिंह वर्मा, दीपक मुल्लू राठौर, आलोक सिंह रावत, असलम गौरी, बाबा हासिम, पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन, यशवंत सिलावट, दिव्यांश ओझा, अब्दुल कादिर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महापौर के मार्गदर्शन में चला विशेष स्वच्छता अभियान



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** रंग पंचमी के अवसर पर निकली भव्य श्री दादाजी फाग यात्रा के समापन के बाद शहर में नगर निगम द्वारा व्यापक स्व'छता अभियान चलाया गया। महापौर अमृता अमर यादव के नेतृत्व और मार्गदर्शन में नगर निगम की टीम ने फाग यात्रा मार्ग सहित शहर के प्रमुख मार्गों, चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष साफ-सफाई की व्यवस्था संभाली।

अभियान में स्वच्छता संरक्षकों, सफाई कर्मचारियों और नगर निगम के अन्य कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए अल्प समय में ही सड़कों व सार्वजनिक स्थानों की सफाई कर शहर को पुनः स्व'छ और व्यवस्थित बनाया।

इस अवसर पर महापौर यादव ने नगर निगम के स्व'छता कर्मियों और पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि शहर की स्वच्छता बनाए रखने में इन कर्मयोगी कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान भी कर्मचारियों ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्व निभाए हैं, जिसकी सभी ने सराहना की।

महापौर ने नगरवासियों से भी स्व'छता अभियान में सहयोग देने और शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्व'छता केवल नगर निगम की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

## बर्फानी धाम से ओंकार मठ तक आरसीसी सड़क निर्माण जारी

**ओंकारेश्वर।** कुंभ मेले की तैयारियों के तहत बर्फानी धाम आश्रम से ओंकार मठ आश्रम तक आरसीसी सड़क का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। लगभग 1.02 किलोमीटर लंबी और 9 मीटर चौड़ी इस सड़क का किया जा रहा है। वर्तमान में सड़क का ग्राउंड वर्क लगभग पूरा हो चुका है तथा जेसीबी मशीनों से क'चा मार्ग तैयार कर लिया गया है। बदले हुए मार्ग से श्रद्धालुओं की परिक्रमा भी जारी है। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण भूस्खलन से बचाव के लिए सड़क किनारे रिटेनिंग वॉल का निर्माण भी किया जा रहा है। कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रदीप विश्वकर्मा के अनुसार सड़क का निर्माण कार्य इस वर्ष के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य है।




## हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच

नवभारत न्यूज



**खंडवा।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सोमवार को जिले के सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 6×7 हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह की 9 और 25 तारीख को गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा जांच और परामर्श दिया जाता है। जांच के दौरान जिन गर्भवती महिलाओं में जटिलताएं पाई गईं, उन्हें निःशुल्क सोनोग्राफी के लिए जिला अस्पताल खंडवा भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की एनीमिया, उ'च रक्तचाप और शुगर सहित अन्य आवश्यक जांच की जाती हैं। जिन महिलाओं का पूर्व में सिजेरियन प्रसव हुआ हो, जुड़वा ब'चे हों, गर्भ में शिशु की स्थिति असामान्य हो, पूर्व में गर्भपात या जन्मजात विकृति वाले शिशु का जन्म हुआ हो, ऐसी गर्भवती महिलाओं को हाईरिस्क श्रेणी में रखकर विशेष निगरानी में उपचार किया जाता है।

## निमाड़ का पारंपरिक गणगौर नृत्य बना आकर्षण का केंद्र

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** अखंड ब्राह्मण सेवा संगठन और इनरव्हील क्लब स्पार्कल के संयुक्त तत्वावधान में फाग उत्सव का आयोजन शहर के नुक्कड़ होटल में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण निमाड़ अंचल का पारंपरिक गणगौर नृत्य रहा, जिसने उपस्थित महिलाओं और अतिथियों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में गणगौर स्वर संगम कला समूह की कलाकारों मीरा व्यास, ममता मोहे, मेघा मंडलोई, प्रियंका दीवान, संध्या मंडलोई, माधवी जोशी और भावना ने फाग गीतों पर पारंपरिक गणगौर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। तबले पर मनोज जोशी और राजू नामदेव ने संगत कर प्रस्तुति को और भी आकर्षक बनाया।

अखंड ब्राह्मण समाज के नारायण फरकले ने बताया कि गणगौर पर्व भगवान शिव (गण) और माता पार्वती (गौर) के दिव्य मिलन का प्रतीक है और वैवाहिक सुख, प्रेम व समर्पण का उत्सव माना जाता है। इस अवसर पर अखंड ब्राह्मण सेवा संगठन की प्रदेश अध्यक्ष मोना थापक, इनरव्हील स्पार्कल की अध्यक्ष दीपमाला पांडे, जिला अध्यक्ष दीप्ति मिश्रा, संजीवनी ब्यूटी पार्लर की संचालिका सोनिया उपाध्याय सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

